THE VILLAGE
INTERNATIONAL SCHOOL
"We Nurture Dreams"
AIM HIGH, TOGETHER WE FLY

| | | |
|---|---|---|
| DATE-<br>GRADE- 9 AB | CPE 3 [2022 -23 ]<br>HINDI [2ND Language] | Max marks- 20<br>Time – 1 Hrs |

**सामान्य निर्देश :**

1. **निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए |**
2. **प्रश्नों के उत्तर अंक अनुसार व क्रमानुसार दीजिए |**

## खंड – 'अ'- वस्तुपरक प्रश्न

| प्रश्न | | अंक |
|---|---|---|
| I | **नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए**<br>**[ UNSEEN PASSAGE READING ]** | 1x5=5 |
| | **प्राचीन काल में जब धर्म – मजहबे समस्त जीवन को प्रभावित करता था, तब संस्कृति के बनाने में उसका भी हाथ था; किन्तु धर्म के अतिरिक्त अन्य कारण भी सांस्कृतिक-निर्माण में सहायक होते. थे। आज मजहब का प्रभाव बहुत कम हो गया है। अन्य विचार जैसे राष्ट्रीयता आदि उसका स्थान ले रहे हैं। राष्ट्रीयता की भावना तो मजहबों से ऊपर है। हमारे देश में दुर्भाग्य से लोग संस्कृति को धर्म से अलग नहीं करते हैं.। इसका कारण अज्ञान और हमारी संकीर्णता है। हम पर्याप्त मात्रा में जागरूक नहीं हैं।हमको नहीं मालूम है कि कौन-कौन-सी शक्तियाँ काम कर रही हैं और इसका विवेचन भी ठीक से नहीं कर पाते कि कौन-सी मार्ग सही है? इतिहास बताता है कि वही देश पतनोन्मुख हैं जो युग-धर्म की उपेक्षा करते हैं और परिवर्तन के लिए तैयार नहीं हैं। परन्तु हम आज भी अपनी आँखें नहीं खोल पा रहे हैं। परिवर्तन का यह अर्थ कदापि नहीं है कि अतीत की सर्वथा उपेक्षा की जाए। ऐसा हो भी नहीं सकता। अतीत के वे अंश जो उत्कृष्ट और जीवन-प्रद हैं उनकी तो रक्षा करनी ही है; किन्तु नये मूल्यों को हमको स्वागत करना होगा तथा वह आचार-विचार जो युग के लिए अनुपयुक्त और हानिकारक हैं, उनका परित्याग भी करना होगा।** | |

| | | |
|---|---|---|
| | **(क) मजहब का स्थान अब कौन ले रहा है ?**<br>**(ख) लोग संस्कृति को धर्म से अलग नहीं करते हैं क्यों ?**<br>**(ग) इतिहास के अनुसार कौन-से देश पतन की ओर जाते है?**<br>**(घ) गद्यांश को उपयुक्त शीर्षक लिखिए।**<br>**(ङ) उपेक्षा' का विलोम शब्द लिखिए।** | |
| II | **एक वाक्य में उत्तर लिखिए**<br><br>**1.** लेखिका को जूही की लता को देख कर किसकी याद आई?<br>2. लेखिका का ध्यान आकर्षित करने के लिए गिल्लू क्या करता था?<br>3. ठण्ड से बचने के लिए लेखक और उसके छोटे भाई ने क्या किया?<br>**4.** ईश्वर घन है तो रैदास क्या है? | **1 x 4 =4** |

| | | |
|---|---|---|
| III | **भाव स्पष्ट कीजिए**<br><br>**अब कैसे छूटै राम नाम रट लागी।**<br>**प्रभु जी, तुम चंदन हम पानी, जाकी अँग-अँग बास समानी।**<br>**प्रभु जी, तुम घन बन हम मोरा, जैसे चितवत चंद चकोरा।**<br>**प्रभु जी, तुम दीपक हम बाती, जाकी जोति बरै दिन राती।**<br>**प्रभु जी, तुम मोती हम धागा, जैसे सोनहिं मिलत सुहागा।**<br>**प्रभु जी, तुम स्वामी हम दासा, ऐसी भक्ति करै रैदासा॥** | 4 **X**1=4 |
| IV | उत्तर लिखिए<br>1. **जिस समय गाँव के एक आदमी ने लेखक को घर लौटने को कहा उस समय लेखक क्या कर रहा था?** | 2x1=2 |
| III | **निम्नलिखत में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर एक अनुच्छेद लिखिए।** | **1**x **5** =**5** |

Prepared by:Vidhya Rajesh HOD- Vidhya Rajesh VP ACADEMICS- Zeema Viswanathan

## विद्यार्थी जीवन

**संकेत बिंदु-**

- जीवन निर्माण का काल
- विद्यार्थी के लक्षण
- विद्यार्थी के कर्तव्य

## पुस्तकालय कितने उपयोगी

**संकेत बिंदु-**

- पुस्तकालय क्या है?
- पुस्तकालय के प्रकार
- ज्ञान के भंडार
- आवश्यकता एवं महत्त्व